तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

4 अध्यक्ष सहित तीन जनप्रतिनिधियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

6 शुभ संयोगों से सजेगा अक्षय तृतीया पर्व










## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ की बैठक आज

**धमतरी।** जिला साहू संघ की बैठक 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे तेलीनसती समाज भवन में होगी जिसमें समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निराकरण होगा। इस दौरान श्रीराम अस्पताल के संचालक डॉ. नवीन साहू का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित होगा। इसके अलावा नई नियुक्तियों की घोषणा, समर कैंप के शुभारंभ की रूपरेखा तथा भामाशाह जयंती आयोजन की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेलमेट वितरण अभियान पर भी विचार-विमर्श होगा।

### कांग्रेस 20 को नगर पंचायत आमदी का घेराव करेगी

**धमतरी।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और नपं की कथित लापरवाही के विरोध में कांग्रेस



द्वारा 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 10 बजे नगर पंचायत आमदी का घेराव किया जाएगा। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग परेशान हैं। साफ-सफाई, पेयजल, सड़क एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई बार शिकायत और मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर यह घेराव किया जा रहा है। श्री साहू ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

पिकअप में 34 से अधिक लोग सवार थे, बालोद क्षेत्र के तालगांव के पास दुर्घटना

# मालवाहक से चौथिया जाने का सफर बना जानलेवा : एक की मौत, 17 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी से पिकअप में 34 से अधिक लोग सवार होकर ढोरीठेमा चौथिया जा रहे थे। इसी दौरान मालवाहक वाहन तालगांव मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है वहीं 17 से अधिक लोग घायल हो गए।



शादी सीजन शुरू होते ही लोग बारात व चौथिया जाने के लिये मालवाहकों में जानलेवा सफर करते हैं। मालवाहकों में सफर के दुष्परिणाम के प्रति लोगों को लगातार जागरूक करने के बावजूद सस्ते के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डालते हैं।

कुछ इसी तरह की घटना बालोद क्षेत्र के तालगांव के पास हुई। जहां धमतरी से ढोरीठेमा चौथिया जा रही लोगों से खचाखच भरी पिकअप के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायल मनीष यादव ने मीडिया को बताया कि धमतरी से लगे ग्राम भानपुरी के टीकाराम यादव की पुत्री की शादी डौंडी ब्लाक के ग्राम ढोरीठेमा में हुई है। शादी के बाद परिवार के सभी लोग शुक्रवार की शाम चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने पिकअप वाहन से ग्राम ढोरीठेमा जा रहे थे। पिकअप में 35 से अधिक लोग सवार थे। चौथिया से भरी ओव्हरलोड पिकअप बालोद जिले के झलमला से रानीमाई मार्ग से होते हुए तालगांव से होकर गुजर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप तालगांव के आगे स्थित मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

#### सवारों में मची चीख पुकार

पिकअप के पलटने से सवारों में चीख पुकार मच गई। कई लोगों के सिर में चोट आई है वहीं कुछ के हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए। जो लोग घायल होने से बच गए थे, वे घायलों को संभालते हुए सड़क किनारे बिठा रहे थे। वहां से गुजर रहे वाहनों को रूकवाकर मदद मांग घायलों को जिला अस्पताल भेज रहे थे। इस घटना में पिकअप में सवार एक व्यक्ति सुरेश यादव उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। वहीं 17 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को बालोद जिला अस्पताल भेजा गया है। घायल व उसके परिजनों ने चालक पर तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाया है। वहीं जांच में पाया गया कि चालक उमाशंकर को वाहन चलाने का अनुभव नहीं है।

# मौसम लेगा करवट, गर्मी से राहत की संभावना नहीं

- गरज-चमक के साथ वज्रपात, हल्की बारिश होने की आशंका

**धमतरी।** अंचल भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों के एक दो पॉकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। दो दिन बाद मौसम फिर करवट लेगा। आंधी, तूफान, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में स्थित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर पूर्वी मध्यप्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, रायल सीमा, तमिलनाडु से होते हुए मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर विस्तारित है। अगले दो दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम सूत्रों के अनुसार इस समय उत्तर के पहाड़ी क्षेत्र पर पश्चिमी विक्षोभ पहुंचा हुआ है। जिसके कारण सिस्टम बनने से उत्तर की ठंडी हवाएं उसके इर्द-गिर्द घूम रही हैं। इसके कारण मध्य भारत में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की हवाएं पहुंच रही हैं। कहीं-कहीं बादलों के टुकड़े की आवाजाही होते दिखेगी। इससे उमस और बेचैनी महसूस होगी। बस्तर सरगुजा संभाग में हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है।

#### तापमान में ज्यादा असर नहीं पड़ेगा

मौसम बदलने के बावजूद तापमान में ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मैदानी क्षेत्र में पारा 44 से 45 डिग्री पर स्थिर बना रहेगा। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में 42-45 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।

# साल्हेभाट खार में चल रहे जुआ फड़ में पुलिस की रेड, पांच जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

केरेगांव पुलिस ने साल्हेभाट के खार में चल रहे जुआ फड़ में दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसपी के स्पष्ट निर्देश के बाद धमतरी पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी और ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।


जुआरियों से नकदी सहित 4 बाइक, 6 मोबाइल जब्त

इसी क्रम में केरेगांव पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। केरेगांव थाना को आसपास के नागरिकों से ग्राम साल्हेभाट खार भालुचुवा मार्ग पर कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेले जाने की शिकायत मिली। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा मुखबिर तैनात कर निगरानी रखी जा रही थी। जुआरियों द्वारा पुलिस को चकमा देने लगातार स्थान बदल-बदलकर सुनियोजित तरीके से जुआ खेला जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से साल्हेभाट खार में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर चल रहे जुआ फड़ में रेड मारी। कुछ जुआरी फरार हो गए। पुलिस ने जुआ खेल रहे सुभान चन्द्राकर पिता दलाल राम उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम छुही थाना केरेगांव, फलेन्द्र साहू पिता द्वारिका 32 वर्ष कांटाकुर्रीडीह, ईश्वर साहू पिता जुगराम 27 वर्ष ग्राम छुही, टार्जन दास मानिकपुरी पिता चुरामन 35 वर्ष ग्राम छुही निवासी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 नग मोबाइल कीमत 12500 रूपये, 4 नग मोटरसाइकिल कीमत 75 हजार रूपये, नकदी 27300 रूपये कुल 1 लाख 14 हजार 800 रूपये की संपत्ति जब्त की। इस मामले में केरेगांव थाना में धारा 3(2) जुआ एक्ट एवं पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा 170 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी सुभान चन्द्राकर, फलेन्द्र साहू, वेदराम मंडावी, ईश्वर व टार्जन दास मानिकपुरी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### हरिकिशन भखारा नपं के नए सीएमओ बने

**भखारा।** छग शासन द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किए गए फेरबदल के



तहत नगर पंचायत भखारा में नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की पदस्थापना की गई है। जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में भखारा में पदस्थ सीएमओ संतोष विश्वकर्मा का स्थानांतरण राजिम कर दिया गया है। उनके स्थान पर कुम्हारी में पदस्थ रहे हरिकिशन पावरिया को भखारा नगर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरिकिशन पावरिया, जो पूर्व में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत रहे हैं, अब सीएमओ के रूप में भखारा में कार्यभार संभालेंगे। उनके आगमन से नगर पंचायत में प्रशासनिक कार्यों में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। नए सीएमओ के नेतृत्व में नगर विकास से जुड़े कार्यों को और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा।

# रुद्री बराज से छोड़ा गया पानी से मिली राहत, जल संकट से मिल कगा छुटकारा

- नहरों के जरिए गांवों तक पहुंचा पानी, 300 तालाब भरने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भीषण गर्मी के बीच जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास अब असर दिखाने लगे हैं।



सिंचाई विभाग द्वारा रूद्री बरॉज से करीब 1000 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में छोड़ा गया है। यह कदम विशेष रूप से टेल एरिया के गांवों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जहां पानी की मांग लगातार बढ़ रही थी। विभाग के अनुसार पानी को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि अंतिम छोर तक भी समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

पीएचई विभाग ने भी स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत और वैकल्पिक जल स्त्रोतों की व्यवस्था शुरू कर दी है। भू-जल स्तर में गिरावट को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक समाधान पर भी कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा नए बोर खनन पर प्रतिबंध लगाकर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

जल संसाधन विभाग द्वारा नहर से छोड़े गए पानी के माध्यम से जिले के लगभग 300 तालाबों को भरने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल वर्तमान पेयजल संकट में राहत मिलेगी, बल्कि आने वाले दिनों में भू-जल स्तर में सुधार होने की भी संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के प्रयास से जल संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जल आपूर्ति को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ग्रामीणों में भी प्रशासन की इस पहल को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

गर्मी में रसीले फलों की डिमांड बढ़ी, आंध्रप्रदेश-गुजरात से आम पहुंचा

# बाजार में आम की कई वैरायटी, स्थानीय आम का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भीषण गर्मी में शरीर को ठंडा और हाईड्रेटेड रखने बाजार में रसीले फलों की आवक तेज हो गई है। फलों के राजा आम की विभिन्न वैरायटी बाजार में आ गई है जिसे लोग हाथों हाथ खरीद रहे हैं। फिलहाल आंध्रप्रदेश और गुजरात के आम की खेप स्थानीय मंडी में पहुंच रही है जिसकी कीमत 140 रूपये से 200 रूपये किलो है। आम लोगों को स्थानीय आम का इंतजार है जिसकी आवक मई माह के प्रथम सप्ताह से होगी तब इसके दाम 100 रूपये किलो होंगे।



ज्योति डेली नीड्स के संचालक संजय सोनकर ने बताया कि आंध्रा तथा गुजरात के आधा दर्जन वैरायटी के आम बाजार में उपलब्ध हैं। गुजरात का केशर आम सबसे महंगा है। इसके दाम 300 रूपये किलो हैं। आंध्रा का सुंदरी आम 160 से 200 रूपये किलो, दशहरी 160 रूपये, बैंगनफल्ली 140 रूपये, परपूरमल 120 रूपये किलो है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर आम की फसल अच्छी हुई है। जिले में आम की दर्जनों नर्सरी है। इस नर्सरी के आम की आवक मई माह के प्रथम सप्ताह से होगी। स्थानीय आम की आवक शुरू होने पर इसकी कीमत 80 से 100 रूपये किलो होगी।

#### खास लोगों की खास पसंद

गर्मी में विदेशी फलों की मांग है। हालांकि यह फल आम लोगों की पहुंच से दूर है लेकिन खास लोगों की खास पसंद बनी हुई है। विदेशी फल आलू बुखारा सबसे महंगा है। इसके दाम 400 रूपये किलो हैं। रेड पियर का भाव 320 रूपये किलो है। यूएसए का ब्लूबेरी 250 रूपये किलो, ब्राजील का एवाकार्डो 120 रूपये किलो, न्यूजीलैण्ड का कीवी 140 रूपये, थाईलैण्ड का ईमली 150 रूपये, ग्रीन एप्पल 300, नासपत्ती इंपोंटेड 280 तथा ड्रैगन फल 100 रूपये किलो बिक रहा है।

#### रसीले फलों के फायदे

डॉ. संजय जैन ने बताया कि गर्मी के मौसम में आने वाले रसीले फलों से न केवल प्यास बुझती है बल्कि ये इलेक्ट्रोलाइटस विटामिन सी और एंटी आक्सीडेट से भरपूर होते हैं जो हीट स्ट्रोक से बचाते हैं। रसीले फल फाइबर प्रदान करते हैं जो पाचन के लिए अच्छे हैं।

# कन्हारपुरी में शादी के बाद छाया मातम रिसेप्शन के अगले दिन दूल्हे ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी जिले के कुरूद थाना क्षेत्र



अंतर्गत ग्राम कन्हारपुरी में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब नवविवाहित युवक की लाश उसके कमरे में फांसी पर झूलती मिली। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कन्हारपुरी निवासी सिद्धेश्वर कंवर (28 वर्ष) का विवाह 16 अप्रैल को महासमुंद जिले के ग्राम डोकरपाली में धूमधाम से संपन्न हुआ था। विवाह के बाद 17 अप्रैल की रात घर में आशीर्वाद समारोह (रिसेप्शन) आयोजित किया गया, जिसमें रिश्तेदारों और मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के बाद देर रात सिद्धेश्वर अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद खिड़की से झांककर देखने पर सिद्धेश्वर पंखे से दुपट्टे के फंदे पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई और खुशी का माहौल पलभर में गम में बदल गया। नवविवाहिता के हाथों की मेहंदी भी नहीं सूखी थी कि यह दुखद घटना घट गई। अचानक हुई इस घटना से दुल्हन समेत पूरा परिवार सदमे में है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

नपं आमदी के नेता प्रतिपक्ष ने अजाक थाना में शिकायत की

# अध्यक्ष सहित तीन जनप्रतिनिधियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

■ जातिसूचक अपमान व धमकी के आरोप को नगर पंचायत ज्योति साहू ने गलत बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर पंचायत आमदी के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर ने अपने साथ हुई जातिसूचक गाली-गलौज, अपमान और धमकी की घटना को लेकर अजाक थाना धमतरी में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

श्री ठाकुर ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत की सामान्य सभा बैठक के दौरान एवं उसके बाद उन्हें अध्यक्ष कक्ष में बुलाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, उपाध्यक्ष कोमल यादव एवं पार्षद सुनीता साहू द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों ने मिलकर उन्हें डराया-धमकाया और परिषद की बैठक में सवाल-जवाब नहीं करने का दबाव बनाया। उन्होंने आगे कहा कि विरोध करने पर उन्हें तथा उनके स्व. पिता के नाम पर जातिसूचक गालियां दी गईं, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। श्री ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त आरोपियों द्वारा उन्हें धमकी दी गई कि यदि उन्होंने कहीं शिकायत की, तो उन्हें झूठे मामलों में फंसा दिया जाएगा और उनकी कोई सुनवाई नहीं होगी। साथ ही उनके वार्ड में विकास कार्यों को रोकने की बात भी कही गई।

श्री ठाकुर ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने इस मामले की शिकायत राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से भी की है।

### बौखलाहट में दे रहे बयान : ज्योति



इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू ने ऋषभ ठाकुर के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उसे पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ऋषभ बौखलाहट में इस तरह के बयान दे रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। ज्योति ने स्पष्ट किया कि हाल ही में आयोजित परिषद की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि ऋषभ द्वारा बाहर बिना रसीद के लेनदेन किया गया है, जिसका खुलासा परिषद के समक्ष हुआ। इस संदर्भ में उनसे सवाल-जवाब किया गया था। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के तहत की गई। बैठक के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी, सीएमओ सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे। अध्यक्ष ने आगे कहा कि वे सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का सम्मान करती हैं और किसी भी व्यक्ति को जातिसूचक गाली देने जैसी बात पूरी तरह गलत और निराधार है।

## साय सरकार की गलत नीतियों से प्रताड़ित हो रहीं प्रदेश की महिलाएं : तारिणी



**धमतरी**। राज्य शासन ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है जिसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को केवाईसी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह भाजपा साय सरकार की महिला विरोधी एवं गलत नीतियों को उजागर करती है। ई केवाईसी कराने में सबसे बड़ी परेशानी नाम में गलतियां होना है। फॉर्म भरने के दौरान महिलाओं ने आधार कार्ड जमा किए थे बावजूद नाम और सरनेम की ऑनलाइन एंट्री करने के दौरान गलतियां की गई जिसका खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। इन्हें सुधरवाने के लिए कोई आधार सेंटर भेज रहे हैं तो कोई महिला एवं बाल विकास विभाग जाने की सलाह दे रहे है। महिलाएं चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाने मजबूर हैं लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण उनका काम समय पर नहीं हो पा रहा है। आगे कहा कि भाजपा ने प्रदेश की प्रत्येक महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने का वादा किया था लेकिन आज सत्ता में काबिज होने के बाद इस योजना का लाभ प्रदेश के प्रत्येक महिला को मिलना तो दूर पात्र हितग्राहियों के नाम काटने का प्रयास इस भीषण गर्मी में केवाईसी के माध्यम से किया जा रहा है।

## कांग्रेस का नारी सम्मान नारा केवल दिखावटी : मोनिका



**धमतरी**। गंगरेल मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने इसे देश की नारी शक्ति के अधिकारों के साथ अन्याय करार दिया। श्रीमती देवांगन ने कहा कि यह विधेयक केवल एक कानूनी प्रस्ताव नहीं था, बल्कि देश की माताओं और बहनों को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल थी। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने अपने राजनीतिक हितों के चलते इस महत्वपूर्ण कदम को आगे बढ़ने से रोक दिया। भाजपा पार्टी हमेशा से महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। लेकिन जब संसद में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का अवसर आया, तब विपक्ष ने अपनी नीयत स्पष्ट कर दी। श्रीमती देवांगन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका नारी सम्मान नारा केवल एक दिखावटी है, जबकि वास्तविकता में उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने का कार्य किया है। यह रवैया देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों के साथ सीधा खिलवाड़ है।

# कुरूद के शिक्षा विभाग में बड़ा उलटफेर




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुरूद में महीनों से सुलग रहा असंतोष आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई में बदल गया। प्रभारी बीईओ सीके साहू को पद से हटाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। उनकी जगह स्वामी आत्मानंद स्कूल कुकरेल के प्राचार्य राजेश कुमार बैस को नया बीईओ बनाया गया है, जबकि श्री साहू को जिला मुख्यालय धमतरी अटैच कर सीमित जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब शिक्षक संगठन खुलकर मोर्चा खोल चुका था और 21 अप्रैल को कार्यालय घेराव की चेतावनी दा चुका था। अंदरखाने की माने तो प्रशासन टकराव की स्थिति से बचने के लिए पहले ही बैकफुट पर आ गया। शिक्षक संगठनों ने इसे एकजुटता की जीत और आत्मसम्मान की बहाली बताया है। वहीं, प्रशासनिक हलकों में इसे हालात को नियंत्रित करने की रणनीतिक कवायद माना जा रहा है। अब सबसे बड़ी चुनौती नए बीईओ राजेश कुमार बैस के सामने है, क्या वे भरोसे की दरार को भर पाएंगे और शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर ला सकेंगे। पूरे विकासखंड की नजरें अब इसी पर टिकी हैं।

### आरोपों ने बढ़ाया दबाव

शिक्षक संघ ने सीके साहू पर गंभीर आरोप लगाए थे। आरोपों के मुताबिक, वे नोटिसों के जरिए शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाते थे, निजी पत्राचार को सार्वजनिक कर उनकी छवि प्रभावित करते थे और अवकाश स्वीकृति में मनमानी कर कार्यस्थल का माहौल तनावपूर्ण बना दिया था। इन शिकायतों ने धीरे-धीरे व्यापक असंतोष का रूप ले लिया। जिसके खिलाफ संघों ने 20 अप्रैल तक हटाने का अल्टीमेटम देकर आंदोलन की स्पष्ट रूपरेखा तैयार कर दी थी। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन तक ज्ञापन पहुंचने के बाद यह संकेत मिल गए थे कि निर्णय टालना मुश्किल होगा। अंततः प्रशासन ने संभावित विरोध से पहले ही कदम उठाया।

### सशिमं मंदरौद में 215 विद्यार्थियों का हुआ रक्त परीक्षण

**कुरूद**। सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद में 13 एवं 17 अप्रैल को स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 215 छात्र-छात्राओं (भैय्या-बहिनों) का रक्त समूह परीक्षण किया गया। यह शिविर सिविल अस्पताल कुरुद के बीएमओ डॉ. हेमराज देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# डॉ अंबेडकर आजादी के असली नायक : भाव सिंह



■ नवागांव में आयोजित जयंती समारोह में ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम नवागांव (थूहा) में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे मुख्य अतिथि के बतौर कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर देश की आजादी के असली नायक थे। उन्होंने हमें संवैधानिक रूप से अधिकार दिया। आज पूरा देश उनका ऋणी है ।

कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा गुरु घासीदास, दादा नकुल देव ढीढी, महात्मा ज्योतिब फुले और डॉ.अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। जैतखाम में दीप प्रज्वलित कर संविधान गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। पुरखा के सुरता पंथी पार्टी ने संविधान गीत प्रस्तुत किया। बाइक रैली ग्राम बंगोली पहुंचकर डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सतनामी समाज के जिला सचिव खिलावन बारले और सामाजिक कार्यकर्ता पं. शंकर दादा ने कहा कि शिक्षा से समाज में जागृति आएगी।

इस दौरान ग्रामीणों ने प्रस्ताव पारित कर मृत्युभोज पर पूर्णतः प्रतिबंध, गांव में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध, कफन की जगह यथाशक्ति सहयोग राशि, मिट्टी कार्यक्रम में शामिल लोगों के लिए एकसाथ भोजन व्यवस्था, गांव में जुआ बंद करने का संकल्प लिया गया। गांव में बच्चों के लिए खेल मैदान विकसित करने का निर्णय लिया गया। खेल मैदान में विभिन्न अभ्यास उपकरण स्थापित करने की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन सतनामी समाज के संचालक सदस्य छन्नू महिलांगे व आभार व्यक्त समाज के ग्रामीण अध्यक्ष घटोत्कच लहरे ने किया। कार्यक्रम में सुरेश घृतलहरे का सहयोग सरहानीय रहा।

# पार्षद ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा



वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद चांदनी चंद्रप्रकाश द्वारा प्राथमिक शाला से लगी हुई गली में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। काफी प्रयास के बाद वार्ड क्रमांक 6 में स्कूल के पीछे रोड और नाली का कार्य शुरू हुआ। स्कूल से लगी नाली में पूर्व में लगातार स्कूल के बच्चे गिर जाते थे। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए वार्ड की पार्षद ने गली में सीसी रोड बनवाकर आए दिन घट रही समस्याओं से निजात दिलाई। वार्डवासियों ने इस कार्य की प्रशंसा की है।



















# सामाजिक बंधुओं एवं प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्रस्तावना -**
भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में भगवान परशुराम का व्यक्तित्व अत्यंत विलक्षण और प्रेरणादायक माना जाता है। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिनका अवतरण धर्म की रक्षा, अन्याय के विनाश और समाज में संतुलन स्थापित करने के लिए हुआ। परशुराम जी का जीवन केवल शौर्य और युद्ध तक सीमित नहीं है, बल्कि वह तप, संयम, त्याग, गुरु-शिष्य परंपरा और नैतिक मूल्यों का भी जीवंत उदाहरण है। परशुराम जयंती के अवसर पर उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि जब समाज में अन्याय बढ़े, तब धर्म की स्थापना के लिए दृढ़ संकल्प और साहस आवश्यक होता है।


**परशुराम जयंती का महत्व और उत्सव**
परशुराम जयंती पूरे भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। यह दिन धर्म, साहस और न्याय के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का अवसर है। इस दिन श्रद्धालु : व्रत और पूजा करते हैं, मंदिरों में विशेष अनुष्ठान आयोजित होते हैं, कथा, भजन और सत्संग का आयोजन किया जाता है, दान और सेवा के कार्य किए जाते हैं। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जीवन में सत्य और धर्म का पालन सर्वोपरि है।

**जन्म और वंश परंपरा -**
भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ। उनके पिता महान तपस्वी ऋषि जमदग्नि और माता माता रेणुका थीं। वे भृगु वंश से संबंधित थे, जो ज्ञान, तपस्या और वैदिक परंपरा के लिए प्रसिद्ध था। उनका प्रारंभिक नाम राम था, परंतु भगवान भगवान शिव से प्राप्त दिव्य परशु (कुल्हाड़ी) के कारण वे ह्लपरशुरामह्व कहलाए। बचपन से ही उनमें अद्भुत तेज, साहस और आध्यात्मिक प्रवृत्ति दिखाई देती थी।

**शिक्षा, तपस्या और दिव्य शक्तियाँ -**
भगवान परशुराम ने अपने पिता से वेदों और शास्त्रों की शिक्षा प्राप्त की। साथ ही उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया। शिव जी ने उन्हें युद्धकला, धनुर्विद्या और दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का ज्ञान प्रदान किया। उनकी तपस्या इतनी प्रबल थी कि वे केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक महान ऋषि और तपस्वी भी बने। उनके जीवन का यह पहलू हमें बताता है कि सच्ची शक्ति केवल बाहुबल में नहीं, बल्कि आत्मबल और साधना में भी होती है।

**सहस्त्रार्जुन और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष -**
परशुराम जी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग है अत्याचारी राजा सहस्त्रार्जुन (कार्तवीर्य अर्जुन) के साथ उनका संघर्ष। कथा के अनुसार, सहस्त्रार्जुन ने अपने अहंकार में आकर ऋषि जमदग्नि के आश्रम पर आक्रमण किया और उनकी कामधेनु गाय का हरण कर लिया। बाद में उसने ऋषि जमदग्नि की हत्या भी कर दी। यह घटना परशुराम के जीवन में एक निर्णायक मोड़ बनी। पिता की हत्या और धर्म के अपमान से क्रोधित होकर परशुराम जी ने सहस्त्रार्जुन का वध किया और अन्याय के विरुद्ध युद्ध का संकल्प लिया।

**21 बार क्षत्रियों का संहार -**
उ७स समय कई क्षत्रिय राजा अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे थे और प्रजा पर अत्याचार कर रहे थे। परशुराम जी ने यह प्रण लिया कि वे पृथ्वी को अत्याचारियों से मुक्त करेंगे। कहा जाता है कि उन्होंने 21 बार पृथ्वी से अधर्मी क्षत्रियों का संहार किया। यह संख्या प्रतीकात्मक रूप से दशार्ती है कि उन्होंने बार-बार धर्म की स्थापना के लिए संघर्ष किया। हालाँकि, इस प्रसंग का गूढ़ अर्थ यह भी है कि जब सत्ता भ्रष्ट हो जाती है, तब समाज में संतुलन बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने पड़ते हैं।



## भगवान परशुराम

धर्म, पराक्रम और तपस्या का

## अद्वितीय संगम

**पृथ्वी का दान और तपस्या -**
अधर्म के विनाश के बाद परशुराम जी ने पूरी पृथ्वी को कश्यप ऋषि को दान में दे दिया और स्वयं तपस्या में लीन हो गए। यह उनके त्याग और वैराग्य का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कभी भी सत्ता या राजपाट की इच्छा नहीं रखी। उनका उद्देश्य केवल धर्म की स्थापना और समाज में न्याय सुनिश्चित करना था। यह गुण उन्हें अन्य अवतारों से अलग बनाता है।

**गुरु-शिष्य परंपरा में योगदान -**
भगवान परशुराम केवल योद्धा ही नहीं, बल्कि महान गुरु भी थे। उन्होंने कई महान योद्धाओं को शिक्षा दी, जिनमें प्रमुख हैं : भीष्म, द्रोणाचार्य, कर्ण। उन्होंने शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान दिया। उनकी शिक्षा में अनुशासन, निष्ठा और धर्म का विशेष महत्व था। कर्ण को शिक्षा देने की कथा विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जिसमें परशुराम जी ने उसे ब्राह्मण समझकर शिक्षा दी, परंतु जब सत्य सामने आया, तो उन्होंने उसे शाप भी दिया। यह प्रसंग सत्य और धर्म के पालन की महत्ता को दशार्ता है।

**चिरंजीवी स्वरूप और भविष्य -**
भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है, अर्थात वे अमर हैं और आज भी पृथ्वी पर विद्यमान हैं। मान्यता है कि वे भविष्य में कल्कि अवतार के गुरु बनेंगे और उन्हें युद्धकला का प्रशिक्षण देंगे। यह विश्वास उनके शाश्वत महत्व और निरंतर प्रासंगिकता को दशार्ता है।

**परशुराम जी के जीवन से मिलने वाली शिक्षाएँ -**
1. धर्म के लिए संघर्ष आवश्यक है : जब समाज में अन्याय बढ़ता है, तब मौन रहना उचित नहीं। परशुराम जी हमें सिखाते हैं कि धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करना चाहिए।
2. शक्ति का सदुपयोग : उनका जीवन बताता है कि शक्ति का उपयोग केवल न्याय और धर्म के लिए होना चाहिए, न कि अहंकार या स्वार्थ के लिए।
3. तप और संयम का महत्व : परशुराम जी ने कठोर तपस्या के माध्यम से आत्मबल प्राप्त किया। यह हमें सिखाता है कि आंतरिक शक्ति बाहरी शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है।
4. त्याग और वैराग्य : उन्होंने पृथ्वी जीतने के बाद भी उसे त्याग दिया। यह दशार्ता है कि सच्चा महान व्यक्ति कभी भी सत्ता का लोभी नहीं होता।
5. गुरु का महत्व : उन्होंने महान योद्धाओं को शिक्षा दी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ज्ञान का प्रसार समाज के विकास के लिए आवश्यक है।

**आधुनिक संदर्भ में परशुराम -** आज के युग में भगवान परशुराम के आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हैं। जब समाज में अन्याय, भ्रष्टाचार और असमानता बढ़ रही हो, तब उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। उनका जीवन यह भी सिखाता है कि केवल विरोध करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि आत्मसंयम, ज्ञान और अनुशासन भी आवश्यक हैं।

**उपसंहार -** भगवान परशुराम का जीवन एक संपूर्ण आदर्श है, जिसमें वीरता, तपस्या, त्याग और धर्म का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। वे केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि एक महान ऋषि, गुरु और धर्मरक्षक थे। परशुराम जयंती हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में न्याय, सत्य और धर्म की स्थापना के लिए प्रेरित करती है। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में धर्म, सत्य और न्याय का पालन करेंगे और समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास करेंगे।



**प्रकाश शर्मा**
धमतरी












## खबर संक्षेप

### इतिहास कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा : मोटवानी



**धमतरी।** लोकसभा में प्रस्तुत किए गए नारी वंदन बिल को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने इस मुद्दे पर विपक्ष के रुख की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह विधेयक उनके अधिकार, सम्मान और भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध के कारण इसे पारित करने में बाधाएं उत्पन्न हुईं। श्री मोटवानी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल हमेशा से महिलाओं के अधिकारों के प्रति उदासीन रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह दिन महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उनके अनुसार, देश की नारी शक्ति इस प्रकार के रवैये को स्वीकार नहीं करेगी और आने वाले चुनावों में इसका जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित की है और अब उन्हें राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखना उचित नहीं है। कांग्रेस और विपक्षी दल महिलाओं की भागीदारी नहीं देखना चाहते लेकिन महिलाएं हर जगह सफल और आगे हैं। मातृशक्तियों के सम्मान से खिलवाड़ का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

### कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से ही महिला विरोधी रही : चेतन



**धमतरी।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न हो पाने पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने इसे देश की आधी आबादी का विपक्ष द्वारा किया गया अपमान बताया है। उन्होंने विपक्षी दलों पर महिलाओं के आरक्षण में रोड़ा अटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस समेत उसके सहयोगी दलों का असली चेहरा सामने आ गया है। 27 साल तक महिला आरक्षण बिल को लटकाने वाली कांग्रेस ने आज फिर महिला विरोधी चेहरा सबके सामने लाया है। सदन में हंगामा कर, तकनीकी पेंच फंसाकर विपक्ष ने देश की आधी आबादी को उनके हक से वंचित करने का काम किया है। पीएम मोदी ने महिलाओं के हित में आरक्षण बिल लाकर एक ऐतिहासिक काम किया था, लेकिन विपक्ष को महिलाओं का सशक्त होना रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से महिला विरोधी रही है।श्री हिन्दूजा ने आगे कहा कि विधेयक आज फेल हो सकता है, लेकिन भाजपा का संकल्प नहीं। सड़क से संसद तक महिलाओं के हक की लड़ाई भाजपा पार्टी द्वारा लड़ी जाएगी। देश की आधी आबादी का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी जब चुनाव के समय इनके बीच वोट मांगने जाएगी जब कांग्रेस को उसकी करनी का सही जवाब महिलाओं द्वारा दिया जाएगा।

# परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर निकली ब्रम्ह गर्जना बाइक रैली, आज मनेगा प्राकट्य महोत्सव

## बाइक रैली का जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर धमतरी जिला ब्राह्मण समाज द्वारा शनिवार शाम 5 बजे भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत रिसाईमाता मंदिर से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों पोस्ट ऑफिस वार्ड, आमातालाब, रुद्री रोड, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, बस्तर रोड, घड़ी चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, सदर बाजार, कचहरी चौक, गणेश चौक और रामबाग होते हुए बिलाई माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

पूरे मार्ग में रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। आतिशबाजी और जय परशुराम के नारों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। रैली में समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिला शाखा की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष राकेश दीवान बनाए गए हैं। समिति के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 18 अप्रैल को युवा शाखा द्वारा ब्रम्ह गर्जना बाइक रैली निकाली गई।



द्वितीय दिवस 19 अप्रैल को सुबह रिसाईमाता मंदिर में भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव, अभिषेक, पूजन, हवन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद ब्राम्हण समाज की भूमि पर भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। संध्या को श्री राम मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा परशुराम फरसा चौक में दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना होगी।

26 अप्रैल को बटुक यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अष्टधातु की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण कराया जाएगा। शोभायात्रा के पश्चात विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

मौके पर राकेश दीवान, गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, विनोद पांडेय, लोकेश पांडेय, डॉ. प्रदीप शर्मा, सूर्यकांत तिवारी, प्रदीप पांडे, अमन कुमार पांडे, डॉ. अनंत दीक्षित, अशोक मिश्रा, राजेंद्र श्रोती, विद्याशंकर दीवान, भूपेंद्र मिश्रा, महेश शास्त्री, बालेंद्र पांडे, अयोध्या पांडे, पूजा मिश्रा, बरखा शर्मा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडे, जयप्रकाश झा, दीप शर्मा, रोहिताश मिश्रा, दीपक पांडेय, श्रीकांत शर्मा, सूरज तिवारी, आयुषी पांडेय, अंकिता मिश्रा, ऋतुराज शर्मा, प्रतिमा पांडे, झंकार शर्मा, ननकू महाराज, आशुतोष शर्मा, श्रीमती नलिनी मिश्रा आदि मौजूद थे।

## आज जिले में होंगी सैकड़ों शादियां, बाजार में छाई रौनक

# शुभ संयोगों से सजेगा अक्षय तृतीया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में आज अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा, उल्लास और परंपरागत आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस बार पर्व विशेष संयोगों के साथ आ रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जा रहा है। अक्षय तृतीया को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक उत्साह का माहौल है। इस दिन भगवान परशुराम जयंती भी मनाई जाएगी, जिससे पर्व का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है।

अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन बिना विशेष मुहूर्त देखे मांगलिक कार्य संपन्न किए जा सकते हैं। इसी कारण आज जिले में सैकड़ों शादियां होने की संभावना है। विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों और उनके परिवारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मान्यता है कि इस दिन संपन्न विवाह संबंध लंबे समय तक सुखमय और स्थायी होते हैं।

पर्व को लेकर बाजारों में भी जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इसके अलावा तांबे, पीतल के बर्तन, कपड़े, किराना सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की भी जमकर बिक्री हुई। खासतौर पर गर्मी को देखते हुए कूलर और पंखों की मांग बढ़ी रही। व्यापारियों के अनुसार अक्षय तृतीया पर खरीदी गई वस्तुएं शुभ और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में भी इस पर्व की खास झलक देखने को मिलेगी। बच्चे पारंपरिक रूप से गुड़िया विवाह की रस्म निभाएंगे, जिसमें वे मिट्टी या लकड़ी की गुड़ियों का विवाह कर संस्कृति और परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। यह परंपरा आज भी गांवों में उत्साह के साथ निभाई जाती है। धार्मिक दृष्टि से भी यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। पंडित राजकुमार तिवारी के अनुसार अक्षय तृतीया पर किया गया दान-पुण्य कभी समाप्त नहीं होता और उसका फल अक्षय रहता है। पंडित सूरज तिवारी का कहना है कि इस दिन विवाह करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और आने वाले वर्षों में भी शुभ कार्यों की निरंतरता बनी रहती है। अक्षय तृतीया का यह पर्व आस्था, परंपरा और सामाजिक उल्लास का संगम है।

कुंभकार परिवार की कमलाबाई कुंभकार और नरेश कुंभकार ने बताया कि इस वर्ष उनके पास 50 से लेकर 250 तक के पुतरा-पुत्री के जोड़े उपलब्ध हैं। इसके अलावा कलसा, परई, दीया, ग्वालिन, मोर पगड़ी तथा दुल्हा-दुल्हन सजाने का पारंपरिक सामान भी बिक्री के लिए तैयार है। वहीं पोरा-जांता सेट की कीमत 100 से 400 रूपये तक रखी गई है।

ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं और छोटे बच्चों के लिए पुतरा-पुत्री का विवाह रचाने की परंपरा निभा रहे हैं। इस बार महंगाई का असर जरूर देखने को मिल रहा है, जिससे कीमतों में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन पारंपरिक मिट्टी के इन उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। कारीगरों द्वारा हाथों से बनाए गए ये सामान आज भी लोगों की आस्था और परंपरा से जुड़े हुए हैं।

### सजा पुतरा-पुत्री का बाजार, उमड़ी भीड़

अक्षय तृतीया के पर्व को लेकर शहर का बाजार पूरी तरह सजकर तैयार हो गया है। रामबाग, गोलबाजार, घड़ी चौक, अंबेडकर चौक और इतवारी बाजार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पुतरा-पुत्री के आकर्षक जोड़े लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। खासतौर पर बच्चों और ग्रामीण अंचल से आए खरीदारों में इनकी जबरदस्त मांग देखी जा रही है।

# 'डीजल का 33.30 लाख भुगतान किया, कांग्रेस राजनीति कर रही'

- डीजल खरीदी विवाद पर भाजपा ने किया पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम में डीजल खरीदी को लेकर चल रहे विवाद पर भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पहले डीजल चोरी का मुद्दा उठाने वाली कांग्रेस अब उसी पेट्रोल पंप के भुगतान को लेकर प्रदर्शन कर रही है, जो उसके दोहरे रवैये को दर्शाता है।

भाजपा पार्षद व एमआईसी प्रभारी नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, नीलेश लूनिया और मेघराज ठाकुर ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि महापौर रामू रोहरा के कार्यकाल में 1 मार्च 2025 से 17 अगस्त 2025 तक कुल 43.29 लाख रुपये का डीजल खरीदा गया। इसमें से 33.30 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि लगभग 9 लाख रुपये शेष हैं।

भाजपा पार्षदों ने कहा कि 31 जुलाई को कांग्रेस पार्षदों ने बंद पड़े वाहन में डीजल भराने और चोरी का आरोप लगाया था। इसके बाद 1 अगस्त को भाजपा पार्षदों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और मामले की जांच कलेक्टर को सौंप दी गई। हालांकि, जांच रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई है।

महापौर द्वारा मानवता के आधार पर आंशिक भुगतान किया गया है। भाजपा पार्षदों ने डीजल खरीदी और भुगतान की सूची भी जारी करते हुए कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस अपने पुराने आरोपों से ही घिर गई है और अब वही मुद्दा उठाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले इस तरह का प्रदर्शन केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है।

भाजपा पार्षदों ने कहा कि जनता अब सब समझ रही है और आने वाले समय में ऐसे डबल स्टैंडर्ड का जवाब देगी।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज 200 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग



- यह खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : पं. राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खेल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और ऊर्जा के साथ किया गया, जिसमें राज्य के 16 से अधिक शहरों से आए 200 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इंडोर स्टेडियम में जगह की कमी को देखते हुए कुछ मुकाबले सिटी क्लब में भी आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले शुरू हुए। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, महासमुंद, कांकेर और नारायणपुर सहित कई शहरों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर पंडित राजेश शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैडमिंटन केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और स्फूर्ति का प्रतीक है। यह खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। वहीं राजेंद्र शर्मा ने कहा कि खेल पखवाड़ा भले ही सीमित समय के लिए हो, लेकिन इसका योगदान खिलाड़ियों के विकास में हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा।

आयोजन के संयोजक योगेश रायचुरा ने बताया कि इस तरह के आयोजन धमतरी को राज्य स्तर पर एक नई पहचान दिला रहे हैं और खेल संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं।

इस दौरान पिंटू यादव, कुलेश सोनी सोनी, सरिता यादव, गोमती रजक, आयोजन के संयोजक रितेश नाहर, भावेश रजक, वीरेन्द्र सोनी, दार्शिक नाहर, गर्वित नाहर, आदित्य शर्मा, शुभ सुखवानी, अंश दोशांज, कर्नल खंडेलवाल उपस्थित थे।

नगर निगम के जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ा।

# अनुशासन और राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प





- तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का समापन, 40 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) धमतरी नगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का समापन आनंद उत्सव भवन में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 40 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में धमतरी से कोमल सार्वा, राजेंद्र पटेल, भेदू साहू और राजकुमार पटेल उपस्थित थे।

प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समर्पण की भावना को मजबूत करना रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों को देशभक्ति, त्याग, बलिदान और संगठन के प्रति निष्ठा जैसे मूल्यों की जानकारी दी गई। साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश के परिप्रेक्ष्य में संगठन की आगामी दिशा और लक्ष्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देना है। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को दैनिक शाखा, शारीरिक एवं बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन साहू, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र, महेश कुमार शर्मा नगर सह संघचालक, जिला सह कार्यवाह सुनील यदु, वर्ग कार्यवाह विजय ठाकुर, वर्ग अधिकारी दीपक पाठक, कोमल सार्वा, राजेंद्र पटेल, भेदू साहू, राजकुमार पटेल, राकेश जाधव, विशाल ब्रह्मे, योगेश साहू व्यवस्था प्रभारी, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट सहित अन्य स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### समाज के लिए सकारात्मक कार्य करें

समापन अवसर पर मुख्य वक्ता मोहन साहू ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग से स्वयंसेवकों में अनुशासन, सेवा और संगठन के प्रति समर्पण की भावना का विकास होता है, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतारें और समाज के लिए सकारात्मक कार्य करें। सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्वगणना से सशक्त होगा राष्ट्र : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



देशभर में जनगणना 2027 अंतर्गत स्वगणना अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान से जुड़ते हुए प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने स्वयं स्वगणना फॉर्म भरकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला है। सही और सटीक जानकारी के माध्यम से सरकार योजनाओं का बेहतर निर्माण और क्रियान्वयन करती है। श्री प्रीतेश ने भारत के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वगणना के इस अभियान से जुड़ें और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर इस महा-अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। आपकी जागरूकता ही सशक्त और विकसित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन लाने की कोशिश : चेट्टियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ की महासचिव सूर्यप्रभा चेट्टियार ने महिला आरक्षण कानून को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बावजूद अब तक इसे लागू करने के लिए ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि कानून समय पर लागू होता, तो आज संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी होती। सरकार द्वारा जनगणना और परिसीमन की शर्त जोड़ने से प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हो रही है। सूर्यप्रभा ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन लाने की कोशिश हो रही है। उनका कहना है कि नई जनगणना के आधार पर ही यह प्रक्रिया पूरी कर महिलाओं को आरक्षण देना अधिक न्यायसंगत होगा। उन्होंने केंद्र से महिला आरक्षण कानून को जल्द लागू करने की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
Since-2007
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

THE BEST TREATMENT FOR
KIDNEY STONES WITH LITHOTRIPSY
No incisions
No pain
No bleeding
No hospital stay
Get back to your normal life
Get the best treatment for kidney stones
सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### सेनचुवा में अंबेडकर जयंती मनाई गई

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। गोंड समाज सेनचुवा के अध्यक्ष सोहन मंडावी, टिकेश्वर मंडावी, पुर्वेश मंडावी, धन्नू, बसंत पदाम ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर टोकेश्वर नेताम ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई महापुरुषों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एक बड़ा नाम है, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। वे एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे।

### कौशल प्रसाद को गायत्री शक्तिपीठ ने किया सम्मानित

**नगरी।** विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कौशल प्रसाद साहू प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 26 में परीक्षा संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एचआर साहू ,रामकुमार साहू, जितेंद्र कुमार साहू, दीपिका साहू, लता साहू, पार्वती निषाद सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने शंकरदाह में ग्रामीणों से किया संपर्क

**धमतरी।** गांव चलो, बस्ती चलो महाभियान के तहत ग्राम शंकरदाह एवं गंगरेल मरादेव में जनसंपर्क एवं जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घर-घर संपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं–
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज